भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या: *61
29 नवम्बर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

बिहार में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाभार्थी

***61. श्री अजय कुमार मंडल:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत भागलपुर जिले सहित बिहार के संबंध में लाभार्थियों के आंकड़े मौजूद हैं; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री
(श्री जगत प्रकाश नड्डा)

(क) **से (ख): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।**

29 नवम्बर, 2024 के लिए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *61 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

बिहार राज्य में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) राज्य विशेष योजना 'मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजना' (एमएमजेएवाई) के साथ तालमेल में ट्रस्ट मोड में 23.09.2018 से कार्यान्वित है।

इस समावेशी योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य परिचर्या लाभों के लिए कुल 2.03 करोड़ परिवार पात्र हैं, जिनमें से 1.21 करोड परिवारों को केंद्र और राज्य सरकार से सहायता दी जाती है और शेष 0.82 करोड़ परिवारों को केवल राज्य सरकार द्वारा सहायता दी जाती है। भागलपुर जिले में इन लाभों को प्राप्त करने के लिए कुल 6.17 लाख परिवार पात्र हैं।

31.10.2024 की स्थिति के अनुसार, बिहार राज्य में कुल 3.56 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं, जिनमें से 10.90 लाख कार्ड भागलपुर जिले के हैं।

*****